aglasem.com

FOR HP NMMS EXAM PREPARATION

HP NMMS 2026 Question Paper · SAT

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
HP NMMS	2026	Question Paper	SAT

State Code: 4 6

Centre Code:

Roll Number: 4 6 2 5 0 8 0 7 0 8 5

NATIONAL MEANS-CUM-MERIT SCHOLARSHIP EXAMINATION
(Class - VIII)
November- 2024

Scholastic Aptitude Test (SAT)
Time Allowed : 90 Minutes

शैक्षिक योग्यता परीक्षा
Max. Marks : 90

Instructions for candidates

Read the following instructions carefully before you open the question booklet.

1. Answer are to be given on a separate OMR answer sheet.
उत्तर एक अलग उत्तर-पत्रक में देने हैं।

2. Please follow the instructions given on the OMR answer sheet for marking the answers.
कृपया उत्तर चिन्हित करने के लिए OMR उत्तर-पत्रिका पर दिये गये निर्देशों को ध्यान से समझ कर उनकी अनुपालना कीजिए।

3. Write your Roll Number as allotted to you in the admit card very clearly on the test-booklet and darken the appropriate circles on the OMR answer sheet as per instructions given.
कृपया अपना रोल नंबर, जैसा कि आपके प्रवेश पत्र पर दिया गया है, अनुदेशानुसार प्रश्न-पुस्तिका और OMR उत्तर-पत्रक पर बहुत स्पष्ट रूप से लिखिए और दिए गए उपयुक्त गोलों को काला कीजिए।

4. All the particulars are to be written with black or blue ball point pen and use of calculator, eraser pen, mobile phone is not allowed.
सभी जानकारी काले अथवा नीले बॉल पेन से लिखें। केलकुलेटर, मिटाने वाले पेन और मोबाइल फोन का प्रयोग निषेध है।

5. Please check that this question paper contains 20 printed pages. There are 90 multiple choice questions (MCQ) in this paper. All questions are compulsory.
कृपया जाँच कर लें इस प्रश्न पत्र में 20 मुद्रित पृष्ठ हैं। इस प्रश्न पत्र में 90 बहु विकल्पीय प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

6. Since the time allotted for this question paper is limited, you should make the best use of it by not spending too much time on any one question.
इस प्रश्न पत्र के लिए निर्धारित समय बहुत सीमित है, इसलिए इसका अधिकतम उपयोग कीजिए और किसी एक प्रश्न पर बहुत समय न लगाइए।

7. Rough work can be done anywhere in the booklet but not on the OMR answer sheet or loose paper.
रफ कार्य पुस्तिका में कहीं भी किया जा सकता है, किन्तु OMR उत्तर-पत्रक/अलग कागज पर नहीं।

8. Every correct anwer will be awarded one mark.
प्रत्येक सही उत्तर का एक अंक प्रदान किया जाएगा।

9. Please return only the OMR answer sheet to the invigilator after the test.
कृपया परीक्षा के पश्चात केवल OMR उत्तर-पत्रक ही निरीक्षक को वापिस कर दीजिए।

10. English version of the question paper will be considered as final in case of any dispute arising out of variation in translated version.
अनुवादित विवरण में अंतर से उठे किसी भी विवाद की स्थिति में, प्रश्न पत्र के अंग्रेजी विवरण को निर्णायक माना जाएगा।

PLEASE TURN OVER THE PAGE AND START YOUR WORK
कृपया पृष्ठ पलटिए और अपना कार्य आरम्भ कीजिए।

H.P. SCERT 2024-25

The copyright of the contents of this booklet rests with SCERT and no part of it should be used by anybody in any manner whatsoever without the prior permission of SCERT. The items are preparedd on best efforts basis. In case of any dispute the opinion of the experts appointed by SCERT will be final.

Q.1 When we press the bulb of a dropper with its nozzle kept in water, air in the dropper is seen to escape in the form of bubbles. Once we release the pressure on the bulb, water gets filled in the dropper. The rise of water in the dropper is due to:
(1) Pressure of water
(2) Atmospheric pressure
(3) Shape of rubber bulb
(4) Gravity of the earth

प्र.1 जब किसी ड्रॉपर के नोक (नोजल) को पानी में रखकर इसके बल्ब को दबाते हैं तो ड्रॉपर में हवा बुलबुलों के रूप में बाहर निकलती हुई दिखाई देती है । जब हम बल्ब पर दबाव छोड़ते हैं, तो ड्रॉपर में पानी भर जाता है। ड्रॉपर में पानी का चढ़ना किसके कारण होता है?
(1) पानी का दबाव
(2) वायुमंडलीय दबाव
(3) रबर बल्ब का आकार
(4) पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण

Q.2 An iron ball at 40^0C is dropped in a mug containing water at 40^0C. The heat will:
(1) Flow from iron ball to water.
(2) Increase the temperature of both.
(3) Flow from water to iron ball.
(4) Not flow from iron ball to water or from water to iron ball.

प्र.2 40^0C पर एक लोहे की गेंद को 40^0C पर पानी भरे मग में गिराया जाता है। इस प्रक्रिया में ऊष्मा :
(1) लोहे की गोली से जल की ओर स्थानांतरित होगी।
(2) दोनों के ताप में वृद्धि कर देगी।
(3) जल से लोहे की गोली की ओर स्थानांतरित होगी।
(4) ना तो लोहे की गोली से जल की ओर और न ही जल से लोहे की गोली की ओर स्थानांतरित होगी।

Q.3 BHC (Benzene hexachloride) is a :
(1) Pesticide (2) Fertilizer
(3) Fungicide (4) Weedicide

प्र.3 बीएचसी (बेंजीन हेक्साक्लोराइड) क्या है ?
(1) कीटनाशक (2) उर्वरक
(3) कवकनाशी (4) खरपतवारनाशी

Q.4 Which of the following process in the Sun provides heat and light?
(1) Combustion (2) Nuclear Fission
(3) Nuclear Fusion (4) Burning

प्र.4 निम्न में से किस प्रक्रिया के परिणाम स्वरूप सूर्य के द्वारा ऊष्मा और प्रकाश उत्पन्न होते हैं?
(1) दहन (2) नाभिकीय विखंडन
(3) नाभिकीय संलयन (4) जलना

Q.5 A car moves with a speed of 40km/h for 15 minutes and then with a speed of 60 km/h for the next 15 minutes. What will be the total distance covered by the car ?
(1) 100 km (2) 25 km
(3) 15 km (4) 10 km

प्र.5 एक कार 15 मिनट के लिए 40 किमी/घंटा की गति से चलती है और फिर अगले 15 मिनट के लिए 60 किमी/घंटा की गति से चलती है। कार द्वारा तय की गई कुल दूरी क्या होगी?
(1) 100 किमी (2) 25 किमी
(3) 15 किमी (4) 10 किमी

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 2 of 21

Q.6 If the rear view mirror of a car is a plane mirror. The driver is reversing this car at a speed of 2 m/s. The driver sees in his rear view mirror the image of a truck parked behind his car. What will be the speed at which the image of the truck appears to approach the driver ?
(1) 1 m/s (2) 2m/s
(3) 4 m/s (4) 8m/s

प्र.6 यदि एक कार का पिछला दृश्य दर्पण एक समतल दर्पण है। एक ड्राइवर इस कार को 2 मीटर/सेकंड की गति से पीछे (बैक) कर रहा है। ड्राइवर अपने रियर व्यू मिरर में अपनी कार के पीछे खड़े (पार्क किए हुए) ट्रक की छवि देखता है। ट्रक का प्रतिबिंब ड्राइवर की ओर किस गति से आता हुआ प्रतीत होगा?
(1) 1 मीटर/सेकंड (2) 2 मीटर/सेकंड
(3) 4 मीटर/सेकंड (4) 8 मीटर/सेकंड

Q.7 Which process is responsible for the release of energy from food in cells?
(1) Photosynthesis (2) Respiration
(3) Excretion (4) Transpiration

प्र.7 कोशिकाओं में भोजन से ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए कौन सी प्रक्रिया जिम्मेदार है?
(1) प्रकाश संश्लेषण (2) श्वसन
(3) उत्सर्जन (4) वाष्पोत्सर्जन

Q.8 What is the purpose of setting up wildlife sanctuaries?
(1) To promote tourism
(2) To protect endangered species
(3) To encourage hunting
(4) To build infrastructure

प्र.8 वन्यजीव अभ्यारण्य स्थापित करने का उद्देश्य क्या है?
(1) पर्यटन को बढ़ावा देना
(2) विलुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा करना
(3) शिकार को प्रोत्साहित करना
(4) बुनियादी ढांचे का निर्माण करना

Q.9 Why is temperature control important for the commercial use of microorganisms?
(1) Some microorganisms only produce desired products at specific temperatures.
(2) High temperatures can kill microorganisms.
(3) Both (1) and (2) are correct.
(4) None of these.

प्र.9 सूक्ष्मजीवों के व्यावसायिक उपयोग के लिए तापमान नियंत्रण क्यों महत्वपूर्ण है?
(1) कुछ सूक्ष्मजीव केवल विशिष्ट तापमान पर वांछित उत्पाद बनाते हैं।
(2) उच्च तापमान सूक्ष्मजीवों को मार सकता है।
(3) दोनों (1) और (2) सही हैं।
(4) इनमें से कोई नहीं।

Q.10 Louis Pasteur is renowned for his work on which of the following processes?
(1) Antisepsis
(2) Chemotherapy
(3) Genetic Engineering
(4) Fermentation and Pasteurization

प्र.10 लुई पाश्चर निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया पर अपने कार्य के लिए प्रसिद्ध हैं?
(1) रोगाणुरोध
(2) कीमोथेरेपी
(3) जेनेटिक इंजीनियरिंग
(4) किण्वन और पाश्चुरीकरण

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 3 of 21

Q.11 Why is it important to harvest crops at the right time?

(1) To ensure maximum yield and quality.
(2) To protect crop diseases.
(3) To reduce the need for fertilizers.
(4) To increase soil fertility.

प्र.11 फसलों की कटाई सही समय पर करना क्यों महत्वपूर्ण है?

(1) अधिकतम उपज और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए।
(2) फसल के रोगों को रोकने के लिए।
(3) उर्वरकों की आवश्यकता को कम करने के लिए।
(4) मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए।

Q.12 The process involving the uptake of nitrogen compounds by plants to synthesize proteins and other vital molecules is termed as:

(1) Nitrogen fixation
(2) Ammonification
(3) Assimilation
(4) Denitrification

प्र.12 नाइट्रोजन यौगिकों को पौधों द्वारा प्रोटीन और अन्य आवश्यक अणुओं के संश्लेषण के लिए अवशोषित करने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?

(1) नाइट्रोजन स्थिरीकरण
(2) अमोनीकरण
(3) अवशोषण
(4) विनाइट्रीकरण

Q.13 The process of destructive distillation of coal primarily produces which of these three products?

(1) Coke, Coal tar, and Coal gas
(2) Peat, Lignite, and Anthracite
(3) Diesel, Kerosene, and Petrol
(4) Methane, Ethane, and Propane

प्र.13 कोयले के विनाशकारी आसवन की प्रक्रिया मुख्य रूप से इनमें से कौन से तीन उत्पाद उत्पन्न करती है?

(1) कोक, कोलतार, और कोयला गैस
(2) पीट, लिग्नाइट, और एंथ्रेसाइट
(3) डीजल, केरोसीन, और पेट्रोल
(4) मीथेन, एथेन, और प्रोपेन

Q.14 When an electric current passes through a molten salt, which of the following observations is not likely to be made?

(1) The color of the solution changes.
(2) A gas is evolved at one of the electrodes.
(3) The temperature of the solution increases.
(4) The conductivity of the solution decreases.

प्र.14 जब एक विद्युत धारा तरल नमक से होकर गुजरती है, तो निम्नलिखित में से कौन सा अवलोकन होने की संभावना नहीं है?

(1) विलयन का रंग बदल जाता है।
(2) इलेक्ट्रोडों में से किसी एक पर गैस उत्पन्न होती है।
(3) विलयन का तापमान बढ़ जाता है।
(4) विलयन की चालकता कम हो जाती है।

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 4 of 21

Q.15 Some farmers were seen adding a type of organism to barren field to increase crop yield. Which organism could they be using?

(1) Blue green algae (2) Red algae
(3) Virus (4) Protozoa

प्र.15 कुछ किसानों को बंजर खेत में फसल वृद्धि हेतु एक प्रकार के जीव को डालते हुए देखा गया है। वे किस जीव का उपयोग कर रहे हो सकते हैं?

(1) नील-हरित शैवाल (2) लाल शैवाल
(3) वायरस (4) प्रोटोजोआ

Q.16 The Richter scale used to measure earthquakes is based on the:

(1) Depth of the earthquake's epicenter.
(2) Amount of energy released by the earthquake.
(3) Distance traveled by the earthquake waves.
(4) Number of casualties caused by the earthquake.

प्र.16 भूकंप को मापने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रिक्टर पैमाने का आधार क्या है?

(1) भूकंप के उपकेंद्र की गहराई।
(2) भूकंप द्वारा छोड़ी गई ऊर्जा की मात्रा।
(3) भूकंप तरंगों द्वारा तय की गई दूरी।
(4) भूकंप से होने वाली हताहतों की संख्या।

Q.17 Which of the following statements about Tsunamis is incorrect ?

(1) They are giant waves caused by underwater earthquakes or volcanic eruptions.
(2) They can travel long distances across oceans with minimal loss of energy.
(3) Their destructive power comes from the sheer volume of water they carry.
(4) Tides play an important role in the generation of Tsunamis.

प्र.17 सुनामी के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

(1) वे पानी के नीचे भूकंप या ज्वालामुखी विस्फोट के कारण उत्पन्न होने वाली विशाल लहरें हैं।
(2) वे न्यूनतम ऊर्जा हानि के साथ महासागरों में लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं।
(3) उनकी विनाशकारी शक्ति उनके द्वारा ले जाने वाले पानी की विशाल मात्रा से आती है।
(4) सुनामी की उत्पत्ति में ज्वार-भाटा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

Q.18 Two plane mirrors are placed at right angles to each other. How many images of an object placed between them will be formed?

(1) 1 (2) 2
(3) 3 (4) Infinite

प्र.18 दो समतल दर्पण एक दूसरे से समकोण पर रखे गए हैं। उनके बीच रखी किसी वस्तु के कितने प्रतिबिम्ब बनेंगे?

(1) 1 (2) 2
(3) 3 (4) अनन्त

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 5 of 21

Q.19 Which of the following property is not the characteristic of a good fuel?
(1) High ignition temperature
(2) Low cost
(3) Causes minimum pollution
(4) Low ignition temperature

प्र.19 निम्नलिखित में से कौन सा गुण अच्छे ईंधन का लक्षण नहीं है?
(1) उच्च प्रज्वलन तापमान
(2) कम लागत
(3) न्यूनतम प्रदूषण का कारण बनता है
(4) कम प्रज्वलन तापमान

Q.20 Jatin was asked in the class by his science teacher to select the mismatched pair among the following. What would be Jatin's answer ?
(1) Thyroxine : Thyroid Gland
(2) Adrenaline : Pitutary Gland
(3) Insulin : Pancreas
(4) Testosterone : Testes

प्र.20 जतिन को कक्षा में उसके विज्ञान शिक्षक द्वारा निम्नलिखित में से बेमेल जोड़ी का चयन करने के लिए कहा गया था।
जतिन का उत्तर क्या होगा ?
(1) थायरॉक्सिन : थायराइड ग्रंथि
(2) एड्रिनलिन: पिट्यूटरी ग्रंथि
(3) इंसूलिन : अग्न्याशय
(4) टेस्टोस्टेरोन: वृषण

Q.21 An airplane experiences less air resistance (friction) at high altitudes compared to low altitudes. This is primarily due to:
(1) The lower temperature at high altitudes.
(2) The absence of wind at high altitudes.
(3) The increased gravity at high altitudes.
(4) The decrease in the density of air at high altitudes.

प्र.21 कम ऊंचाई की तुलना में हवाई जहाज को अधिक ऊंचाई पर कम वायु प्रतिरोध (घर्षण) का अनुभव होता है। यह मुख्य रूप से किस कारण से होता है?
(1) अधिक ऊंचाई पर कम तापमान।
(2) अधिक ऊंचाई पर हवा का न होना।
(3) अधिक ऊंचाई पर गुरुत्वाकर्षण में वृद्धि।
(4) अधिक ऊंचाई पर हवा के घनत्व में कमी।

Q.22 Why is Dolly's story a significant milestone in the field of cloning?
(1) It was the first mammal to be cloned.
(2) It proved the safety of cloning.
(3) It paved the way for commercial cloning.
(4) It raised the possibility of human cloning.

प्र.22 डॉली की कहानी क्लोनिंग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर क्यों है?
(1) यह पहला स्तनधारी क्लोन था।
(2) इसने क्लोनिंग के सुरक्षित होने को सिद्ध किया।
(3) इसने व्यावसायिक क्लोनिंग का मार्ग प्रशस्त किया।
(4) इसने मानव क्लोनिंग की संभावना को जन्म दिया।

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 6 of 21

Q.23 Why is saltwater beneficial for some amphibians during their metamorphosis?
(1) It helps in the faster development of their limbs.
(2) It provides necessary minerals required for their growth.
(3) It helps in maintaining the osmotic balance.
(4) It accelerates their metabolic rate.

प्र.23 कुछ उभयचरों के कायांतरण के दौरान नमक का पानी लाभकारी क्यों होता है?
(1) यह उनके अंगों के तेजी से विकास में मदद करता है।
(2) यह उनकी वृद्धि के लिए आवश्यक खनिज प्रदान करता है।
(3) यह परासरण संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है।
(4) यह उनके चयापचय दर को तेज करता है।

Q.24 Onam is the harvest festival celebrated in which Indian state, featuring boat races and traditional dances?
(1) Karnataka (2) Kerala
(3) Andhra Pradesh (4) Tamil Nadu

प्र.24 ओणम किस भारतीय राज्य में मनाया जाने वाला फसल उत्सव है, जिसमें नौका दौड़ और पारंपरिक नृत्य शामिल हैं?
(1) कर्नाटक (2) केरल
(3) आंध्र प्रदेश (4) तमिलनाडु

Q.25 In human beings the correct sequence of events during reproduction is:
(1) Gamete formation, Fertilization, Zygote, Embryo
(2) Embryo, Zygote, Fertilization, Gamete formation
(3) Fertilization, Gamete formation, Embryo, Zygote
(4) Gamete formation, Fertilization, Embryo, Zygote

प्र.25 मानव में प्रजनन के दौरान होने वाली घटनाओं का सही क्रम है:
(1) युग्मक गठन, निषेचन, युग्मनज, भ्रूण
(2) भ्रूण, युग्मनज, निषेचन, युग्मक गठन
(3) निषेचन, युग्मक गठन, भ्रूण, युग्मनज
(4) युग्मक गठन, निषेचन, भ्रूण, युग्मनज

Q.26 Identify the correctly matched pair from the following:
(1) Sunderban-Rhinoceros
(2) Ranthambore-Lion
(3) Gir-Lion
(4) Kaziranga-Sea Turtle

प्र.26 निम्नलिखित में से सही मिलान किए गए युग्म की पहचान कीजिये:
(1) सुंदरबन-गैंडा
(2) रणथंभौर-शेर
(3) गिर-शेर
(4) काजीरंगा-समुद्री कछुआ

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 7 of 21

Q.27 In the list of animals given below Hen is the odd one out.
Human Being, Cow, Hen, Dog
The reason for this is :
(1) It is ovoviviparous
(2) It is viviparous
(3) It is oviparous
(4) None of the above

प्र.27 नीचे दी गई जंतुओं की सूची में मुर्गी अन्य सभी से भिन्न है।
मनुष्य, गाय, मुर्गी, कुत्ता
इसका कारण है:
(1) यह अंडजरायुज जंतु है
(2) यह जरायुज जंतु है
(3) यह अंडप्रजक जंतु है
(4) इनमें से कोई नहीं

Q.28 Which of the following is used in metal extraction?
(1) Coke
(2) Petroleum
(3) Coal Gas
(4) Coal Tar

प्र.28 निम्नलिखित में से किसका उपयोग धातु निष्कर्षण के लिए किया जाता है?
(1) कोक
(2) पेट्रोलियम
(3) कोयला गैस
(4) कोलतार

Q.29 Consider the following statement about weeding and identify the incorrect one?
(1) Weeding is best done during tilling itself.
(2) It is the process of growing weed.
(3) It is the process of removal of weeds.
(4) It is usually done manually or by using weedicides.

प्र.29 निराई के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और गलत कथन की पहचान कीजिए?
(1) जुताई के दौरान ही निराई करना अच्छा रहता है।
(2) यह खरपतवार उगाने की प्रक्रिया है।
(3) यह खरपतवारों को हटाने की प्रक्रिया है।
(4) यह आमतौर पर हाथ (मैन्युअल रूप) से या खरपतवारनाशक का उपयोग करके की जाती है।

Q.30 For the metamorphosis of tadpoles which of the following element must be present in water?
(1) Chlorine
(2) Carbon
(3) Iodine
(4) Sulphur

प्र.30 टैडपोल के कायांतरण के लिए निम्नलिखित में से कौन सा तत्व पानी में मौजूद होना चाहिए?
(1) क्लोरीन
(2) कार्बन
(3) आयोडीन
(4) सल्फर

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 8 of 21

Q.31 Two empty metal containers, one black and one white were placed outside on a hot day. Both were of the same size and were left in the sun for 3 hrs. Compared to the white container, the black container would most likely be:

(1) Cooler, because it absorbs less sunlight.

(2) Cooler, because it absorbs more sunlight.

(3) Warmer, because it absorbs less sunlight.

(4) Warmer, because it absorbs more sunlight.

प्र.31 दो धातु का टिन एक काला और एक सफेद एक गर्म दिन में बाहर रखी गईं। दोनों टिन एक ही आकार की थीं और उन्हें 3 घंटे के लिए धूप में रखा गया। सफेद टिन की तुलना में, काली टिन संभवत: होगी :-

(1) ठंडी, क्योंकि यह सूर्य की ऊष्मा को कम अवशोषित करती है।

(2) ठंडी, क्योंकि यह सूर्य की ऊष्मा को अधिक अवशोषित करती है।

(3) गर्म, क्योंकि यह सूर्य की ऊष्मा को कम अवशोषित करती है।

(4) गर्म, क्योंकि यह सूर्य की ऊष्मा को अधिक अवशोषित करती है।

Q.32 A toy car released with the same initial speed will travel farthest on:

(1) Muddy surface

(2) Polished marble surface

(3) Cemented surface

(4) Brick surface

प्र.32 समान प्रारंभिक गति से छोड़ी गई एक खिलौना कार सबसे दूर तक जाएगी:

(1) कीचड़ भरी सतह पर

(2) पॉलिश की गई संगमरमर की सतह पर

(3) सीमेंटेड सतह पर

(4) ईंट की सतह पर

Q.33 Which part of the eye is donated during eye donation?

(1) Cornea (2) Retina

(3) Lens (4) Iris

प्र.33 नेत्रदान के दौरान आंख का कौन सा हिस्सा दान किया जाता है?

(1) कॉर्निया (2) रेटिना

(3) लेंस (4) आईरिस

Q.34 When a given force is applied on a larger area of contact the pressure exerted by it:

(1) Increases

(2) Decreases

(3) Does not change

(4) First increases and then decreases

प्र.34 जब किसी दिए गए बल को संपर्क के बड़े क्षेत्र पर लगाया जाता है, तो इसके द्वारा लगाया गया दबाव:

(1) बढ़ता है

(2) घटता है

(3) बदलता नहीं है

(4) पहले बढ़ता है और फिर घटता है

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 9 of 21

Q.35 When Amaira looks herself in the mirror, her left hand seems to be right hand and vice versa. The property of the plane mirror to make "right appear as left" and vice versa is called:
(1) Lateral Inversion
(2) Vertical Inversion
(3) Reflection
(4) Refraction

प्र.35 जब अमायरा खुद को दर्पण में देखती है तो उसका बायां हाथ दाहिना हाथ लगता है और इसी तरह दाहिना हाथ बायां भी लगता है। समतल दर्पण का "दाएँ को बाएँ" और इसके विपरीत दिखाने का गुण क्या कहलाता है?
(1) पार्श्व परिवर्तन
(2) ऊर्ध्वाधर परिवर्तन
(3) परावर्तन
(4) अपवर्तन

Q.36 Which of the following can be a perfect square number?
(1) A number having 3 or 7 at ones place.
(2) A number having odd number of zeros at the end.
(3) A number having even number of zeros at the end.
(4) A number having 2 at ones place.

प्र.36 निम्नलिखित में से कौन सी एक संख्या पूर्ण वर्ग हो सकती है?
(1) वह संख्या जिसमें इकाई के स्थान पर 3 या 7 हो।
(2) वह संख्या जिसके अंत में शून्य विषम संख्या में हो।
(3) वह संख्या जिसके अंत में शून्य सम संख्या में हो।
(4) वह संख्या जिसमें इकाई के स्थान पर 2 हो।

Q.37 Which of the following is the difference between the squares of two consecutive natural numbers?
(1) Sum of the two numbers.
(2) Difference between the two numbers.
(3) Twice the sum of the two numbers.
(4) Twice the difference between the two numbers.

प्र.37 निम्नलिखित में से कौन सा दो क्रमागत प्राकृतिक संख्याओं के वर्गों के बीच का अंतर है?
(1) दो संख्याओं का योग
(2) दोनों संख्याओं के बीच का अंतर
(3) दो संख्याओं के योग का दोगुना
(4) दोनों संख्याओं के बीच का अंतर का दोगुना।

Q.38 Which of the following is the difference between the squares of 21 and 22?
(1) 21 (2) 22
(3) 42 (4) 43

प्र.38 निम्नलिखित में से 21 और 22 के वर्गों के बीच क्या अंतर है?
(1) 21 (2) 22
(3) 42 (4) 43

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 10 of 21

Q.39 Darshil consumes 750 ml milk everyday. How many litres of milk will he consume in 3 weeks?
(1) 15 ¼ litres
(2) 15 ¾ litres
(3) 12 ¼ litres
(4) 12 ¾ litres

प्र.39 दर्शील प्रतिदिन 750 मिलीलीटर दूध का सेवन करता है। 3 सप्ताह में वह कितने लीटर दूध का सेवन करेगा ?
(1) 15 ¼ लीटर
(2) 15 ¾ लीटर
(3) 12 ¼ लीटर
(4) 12 ¾ लीटर

Q.40 Which of the following is a Pythagorean-triplet?
(1) n, $(n^2 - 1)$ and $(n^2 + 1)$
(2) $(n - 1)$, $(n^2 - 1)$ and $(n^2 + 1)$
(3) $(n + 1)$, $(n^2 - 1)$ and $(n^2 + 1)$
(4) 2n, $(n^2 - 1)$ and $(n^2 + 1)$

प्र.40 निम्नलिखित में से कौन सा पाइथागोरियन-ट्रिप्लेट (त्रिक) है?
(1) n, $(n^2 - 1)$ एवं $(n^2 + 1)$
(2) $(n - 1)$, $(n^2 - 1)$ एवं $(n^2 + 1)$
(3) $(n + 1)$, $(n^2 - 1)$ एवं $(n^2 + 1)$
(4) 2n, $(n^2 - 1)$ एवं $(n^2 + 1)$

Q.41 If packet of toffees is distributed among 48 children, they will get 5 toffees each. How many toffees would each get, if the number of children is reduced by 8?
(1) 4 (2) 6
(3) 7 (4) 8


प्र.41 यदि टॉफियों के पैकेट को 48 बच्चों के बीच बाँटा जाता है, तो प्रत्येक बच्चे को 5 टॉफियाँ मिलेंगी। यदि 8 बच्चे कम कर दिए जाते है, तो प्रत्येक को कितनी टॉफियाँ मिलेंगी?
(1) 4 (2) 6
(3) 7 (4) 8

Q.42 Two statements "P" and "Q" are given below, read them carefully:
P: Every natural number is a rational number
Q: Every rational number is a natural number.
Which of the following is correct regarding these statements?
(1) P is true and Q is false.
(2) P is false and Q is true.
(3) Both P and Q are true.
(4) Both P and Q are false.

प्र.42 नीचे दो कथन "P"और "Q" दिए गए हैं, उन्हें ध्यान से पढ़ें:
P: प्रत्येक प्राकृतिक संख्या एक परिमेय संख्या होती है
Q: प्रत्येक परिमेय संख्या एक प्राकृतिक संख्या होती है।
इन कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?
(1) P सत्य है और Q असत्य है।
(2) P असत्य है और Q सत्य है।
(3) P और Q दोनों सत्य हैं।
(4) P और Q दोनों असत्य हैं।

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Directions Q.No.43-Q.No.45: Rohan studies in class VIII. Yesterday, his Maths' teacher gave him an activity to make a parallelogram. So he draws a parallelogram ABCD on a white sheet of paper. He makes $\angle DAC = 42^0$ and $\angle ABC = 108^0$. He also makes a line by joining points A and C and mark its other angles x, u, v and w as shown in diagram.



On the basis of given information, answer the following questions?


Q.43. The measure of angle u is:
(1) 20^0 (2) 30^0
(3) 40^0 (4) 50^0

Q.44 The measure of angle w is:
(1) 106^0 (2) 107^0
(3) 108^0 (4) 109^0

Q.45 The measure of angle v is:
(1) 30^0 (2) 40^0
(3) 50^0 (4) 60^0

Q.46 A bag contains x red balls, $(x + 5)$ blue balls and $(3x + 10)$ white balls. If the probability of drawing a white ball is $\frac{11}{18}$, what is the number of blue balls?
(1) 15 (2) 20
(3) 35 (4) 55

दिशा-निर्देश (प्र. सं. 43 से प्र. सं.45): रोहन आठवीं कक्षा में पढ़ता है। कल, उसके गणित के शिक्षक ने उसे एक समांतर चतुर्भुज बनाने के लिए एक गतिविधि दी। इसलिए वह कागज की एक सफेद शीट पर एक समांतर चतुर्भुज ABCD बनाता है। वह $\angle DAC = 42^0$ और $\angle ABC = 108^0$ बनाता है। वह बिंदु A एवं C को जोड़कर एक रेखा भी बनाता है और इसके अन्य कोण x, u, v और w को चित्र में दिखाए अनुसार चिन्हित करता है।



दी गई जानकारी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए?

प्र.43 कोण u का माप है:
(1) 20^0 (2) 30^0
(3) 40^0 (4) 50^0

प्र.44 कोण w का माप है:
(1) 106^0 (2) 107^0
(3) 108^0 (4) 109^0

प्र.45 कोण v का माप है:
(1) 30^0 (2) 40^0
(3) 50^0 (4) 60^0

प्र.46 एक बैग में x लाल गेंदें, $(x + 5)$ नीली गेंदें और $(3x + 10)$ सफेद गेंदें हैं। यदि एक सफेद गेंद निकलने की प्रायिकता $\frac{11}{18}$ है, तो नीली गेंदों की संख्या क्या है?
(1) 15 (2) 20
(3) 35 (4) 55

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 12 of 21

Q.47 Diwaker has to fence a park of square shape. The area of the park is 16 hectares. If the cost of the fencing is ₹5 per meter, then what will be the cost of fencing the park?

(1) ₹8200 (2) ₹6000

(3) ₹8800 (4) ₹8000

प्र.47 दिवाकर को चौकोर आकार के एक पार्क की बाड़ लगानी है। पार्क का क्षेत्रफल 16 हेक्टेयर है। यदि बाड़ लगाने की लागत ₹5 प्रति मीटर है, तो पार्क में बाड़ लगाने की लागत क्या होगी?

(1) ₹8200 (2) ₹6000

(3) ₹8800 (4) ₹8000

Q.48 Cube root of a number when divided by the smallest prime number gives square of the smallest prime number. Find out that number?

(1) 64 (2) 8

(3) 512 (4) 125

प्र.48 किसी संख्या के घनमूल को जब सबसे छोटी अभाज्य संख्या से विभाजित किया जाता है तो सबसे छोटी अभाज्य संख्या का वर्ग प्राप्त होता है। उस संख्या को ज्ञात कीजिए?

(1) 64 (2) 8

(3) 512 (4) 125

Q.49 Which of the following is correct?

(1) Cube of a negative number is always positive.

(2) Cube of a negative number is always negative.

(3) Cube of a negative number may be positive or negative.

(4) All of the above

प्र.49 निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

(1) ऋणात्मक संख्या का घन सदैव धनात्मक होता है।

(2) ऋणात्मक संख्या का घन सदैव ऋणात्मक होता है।

(3) ऋणात्मक संख्या का घन धनात्मक अथवा ऋणात्मक हो सकता है।

(4) उपरोक्त सभी

(Directions Q.No.50-Q.No.52): On the basis of the information given below answer the following questions.

Aman and John are friends. They both are health conscious. They jog daily in the morning for half an hour. Aman jogs around a rectangular park of dimension (ab+2bc) unit and (ab-2bc) unit. Whereas John jogs around a square shaped park having side of dimension (3x+4y) unit.

दिशा-निर्देश (प्र. सं. 50 से प्र. सं.52): नीचे दी गई जानकारी के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

अमन और जॉन दोस्त हैं। वे दोनों स्वास्थ्य के प्रति सचेत हैं। वे रोजाना सुबह आधे घंटे तक जॉगिंग करते हैं। अमन (ab+2bc) इकाई और (ab-2bc) इकाई आयाम वाले एक आयताकार पार्क के चारों ओर चक्कर लगाता है। जबकि जॉन एक चौकोर आकार के पार्क के चारों ओर जॉगिंग करता है जिसकी भुजा (3x+4y) इकाई है।

Q.50 How much distance does Aman covers in three rounds?

(1) $12a^2b^2$ (2) $a^2b^2-4b^2c^2$

(3) 12bc (4) 12ab

प्र.50 अमन तीन चक्करों में कितनी दूरी तय करता है?

(1) $12a^2b^2$ (2) $a^2b^2-4b^2c^2$

(3) 12bc (4) 12ab

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Q.51 How much distance does John covers in one round?

(1) $12x + 16y$

(2) $9x^2 + 16y^2 - 24xy$

(3) $3x^2+4y^2$

(4) $9x^2 + 16y^2 + 24xy$

प्र.51 जॉन एक चक्कर में कितनी दूरी तय करता है?

(1) $12x + 16y$

(2) $9x^2 + 16y^2 - 24xy$

(3) $3x^2+4y^2$

(4) $9x^2 + 16y^2 + 24xy$

Q52. If Aman takes five rounds around the park and John takes six rounds then what is the respective distance covered by both of them?

(1) $10a^2b^2-40b^2c^2$ and $72x-96y$

(2) $a^2b^2+4b^2c^2$ and $12x-16y$

(3) $20ab$ and $12x+16y$

(4) $20ab$ and $72x+96y$

प्र.52 यदि अमन पार्क के चारों ओर पांच चक्कर लगाता है और जॉन छह चक्कर लगाता है तो उन दोनों के द्वारा तय की गई संबंधित दूरी क्या है?

(1) $10a^2b^2-40b^2c^2$ एवं $72x-96y$

(2) $a^2b^2+4b^2c^2$ एवं $12x-16y$

(3) $20ab$ एवं $12x+16y$

(4) $20ab$ एवं $72x+96y$

Q.53 The average age of three friends is 50 years. The ratio of their ages is 3:5:7 respectively. Find the age of the youngest one ?

(1) 10 years (2) 17 years

(3) 30 years (4) 45 years

प्र.53 तीन दोस्तों की औसत आयु 50 वर्ष है। उनकी आयु का अनुपात क्रमश: 3:5:7 है। सबसे छोटे की आयु ज्ञात कीजिए ?

(1) 10 वर्ष (2) 17 वर्ष

(3) 30 वर्ष (4) 45 वर्ष

Q.54 A shopkeeper has just enough money to buy 52 Maths' books worth Rs. 525 each. If each book were to cost Rs. 21 more, then how many books would he be able to buy with the same amount of money?

(1) 46 (2) 50

(3) 30 (4) 54

प्र.54 एक दुकानदार के पास 525 रुपये प्रति पुस्तक मूल्य की 52 गणित की पुस्तकें खरीदने के लिए पर्याप्त पैसा है। यदि प्रत्येक पुस्तक की कीमत 21 रुपये अधिक हो, तो वह उसी धनराशि से कितनी पुस्तकें खरीद सकेगा?

(1) 46 (2) 50

(3) 30 (4) 54

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 14 of 21

Q.55 The three angles of a quadrilateral are in the ratio 1:2:3. The mean of these angles is 32^0. The measure of all angles of the quadrilateral will be:
(1) 14^0, 34^0, 48^0 and 264^0
(2) 16^0, 32^0, 46^0 and 266^0
(3) 16^0, 32^0, 48^0 and 264^0
(4) 16^0, 32^0, 50^0 and 262^0

प्र.55 एक चतुर्भुज के तीनों कोणों का अनुपात 1:2:3 है। इन कोणों का माध्य 32^0 है। चतुर्भुज के सभी कोणों का माप होगा:
(1) 14^0, 34^0, 48^0 एवं 264^0
(2) 16^0, 32^0, 46^0 एवं 266^0
(3) 16^0, 32^0, 48^0 एवं 264^0
(4) 16^0, 32^0, 50^0 एवं 262^0

Q.56 A country in South America, several years ago decided not to have an army and spent the money on health. This country is considered to be the healthiest countries in South America. Choose that country out of the following.
(1) Argentina (2) Venenzuela
(3) Columbia (4) Costa Rica

प्र.56 दक्षिण अमेरिका के एक देश ने कई साल पहले सेना न रखने का फैसला किया और उस पैसे को स्वास्थ्य पर खर्च करने का निर्णय लिया। इस देश को दक्षिण अमेरिका में सबसे स्वस्थ देश माना जाता है। निम्नलिखित में से उस देश का चयन करें।
(1) अर्जेंटीना (2) वेनेजुएला
(3) कोलंबिया (4) कोस्टा रिका

Q.57 Uranium found in Ladakh is an example of which resource?
(1) Universal resource
(2) Potential resource
(3) Real resource
(4) Renewable resource

प्र.57 लद्दाख में पाया जाने वाला यूरेनियम किस संसाधन का उदाहरण है?
(1) सार्वभौमिक संसाधन
(2) संभाव्य संसाधन
(3) वास्तविक संसाधन
(4) नवीकरणीय संसाधन

Q.58 When did the East India Company obtain the monopoly licence (Charter) for trade in the East from Queen Elizabeth - I of England ?
(1) 1600 (2) 1607
(3) 1707 (4) 1857

प्र.58 ईस्ट इंडिया कंपनी ने इंग्लैड की महारानी एलिजांबेथ-I से पूर्व में व्यापार के लिए एकाधिकार लाइसेंस (चार्टर) कब प्राप्त किया?
(1) 1600 (2) 1607
(3) 1707 (4) 1857

Q.59 Which crop requires low rainfall and high to moderate temperature?
(1) Wheat (2) Rice
(3) Millets (4) Maize

प्र.59 किस फ़सल को कम वर्षा तथा उच्च से मध्यम तापमान की आवश्यतकता होती है?
(1) गेंहूँ (2) चावल
(3) बाजरा (4) मक्का

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 15 of 21

Q.60 The Monazite sands of Kerala is rich in:
(1) Uranium (2) Magnesium
(3) Aluminium (4) Thorium

प्र.60 केरल की मोनाजाइट रेत निम्नलिखित में से किस में समृद्ध है?
(1) यूरेनियम (2) मैग्नीशियम
(3) एल्यूमीनियम (4) थोरियम

Q.61 Which kind of irrigation is highly effective in the dry/arid regions ?
(1) Sprinkle irrigation
(2) Drip irrigation
(3) Well irrigation
(4) None of the above

प्र.61 शुष्क क्षेत्रों में किस प्रकार की सिंचाई अत्यधिक प्रभावी होती है?
(1) छिड़काव सिंचाई
(2) ड्रिप सिंचाई
(3) कुआँ सिंचाई
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q.62 A persn who buys goods for personal use is called a _____?
(1) Producer (2) Worker
(3) Consumer (4) Manufacturer

प्र.62 वह व्यक्ति जो निजी उपयोग के लिए सामान खरीदता है, क्या कहलाता है?
(1) उत्पादक (2) श्रमिक
(3) उपभोक्ता (4) निर्माता

Q.63 In which part of India was the Ryotwari system of Thomas Munro first implemented?
(1) Northern India (2) Western India
(3) Eastern India (4) Southern India

प्र.63 थॉमस मुनरो की रैयतवारी व्यवस्था सबसे पहले भारत के किस भाग में लागू की गई थी?
(1) उत्तरी भारत (2) पश्चिमी भारत
(3) पूर्वी भारत (4) दक्षिणी भारत

Q.64 In which state is Kaziranga National Park located?
(1) West Bengal (2) Assam
(3) Gujarat (4) Bihar

प्र.64 काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
(1) पश्चिम बंगाल (2) असम
(3) गुजरात (4) बिहार

Q.65 Which of the following is not the work of Gram Panchayat ?
(1) Levying and collecting local taxes.
(2) Executing government schemes related to generating employment in the village.
(3) The construction and maintainance of water sources, roads etc.
(4) To provide transport facility.

प्र.65 निम्नलिखित में से कौन सा कार्य ग्राम पंचायत का नहीं है ?
(1) स्थानीय कर लागाना और एकत्रित करना।
(2) गाँव में रोजगार सृजन से संबंधित सरकारी योजनाओं को लागू करना।
(3) जल स्त्रोतों, सड़कों आदि का निर्माण और रखरखाव।
(4) परिवहन सुविधा प्रदान करना।

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

Q.66 An advocate who pleads on behalf of an accused person is called _____?
(1) Public Prosecutor
(2) Defence Lawyer
(3) Judge
(4) No one

प्र.66 किसी आरोपी व्यक्ति की ओर से पैरवी करने वाले वकील को क्या कहते हैं?
(1) अभियोक्ता /सरकारी वकील
(2) बचाव पक्ष का वकील
(3) न्यायाधीश
(4) कोई भी नहीं

Q.67 Who led the company's army against Siraj-ud-Daullah in the Battle of Plassey in 1757?
(1) Lord Hastings
(2) Charles Cornwallis
(3) Robert Clive
(4) Thomas Munro

प्र.67 1757 में प्लासी की लड़ाई में सिराज-उद-दौला के खिलाफ़ कंपनी सेना का नेतृत्व किसने किया?
(1) लार्ड हेस्टिंग्स
(2) चार्ल्स कॉर्नवालिस
(3) रॉबर्ट क्लाइव
(4) थॉमस मुनरो

Q.68 How many members are there in Himachal Pradesh State Assembly?
(1) 76 (2) 64
(3) 72 (4) 68

प्र.68 हिमाचल प्रदेश राज्य विधानसभा में कितने सदस्य हैं?
(1) 76 (2) 64
(3) 72 (4) 68

Q.69 Where is the National Archives of India located?
(1) New Delhi (2) Mumbai
(3) Chennai (4) Kolkata

प्र.69 भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार कहाँ स्थित है?
(1) नई दिल्ली (2) मुंबई
(3) चेन्नई (4) कोलकता

Q.70 Which state is the largest producer of sugarcane in India?
(1) Bihar (2) Uttar Pradesh
(3) Punjab (4) Haryana

प्र.70 भारत में गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कौन सा है?
(1) बिहार (2) उत्तर प्रदेश
(3) पंजाब (4) हरियाणा

Q.71 Which Indian kingdom was annexed by the British on the basis of 'Doctrine of Lapse'?
(1) Hyderabad (2) Awadh
(3) Mysore (4) Nagpur

प्र.71 'चूक के सिद्धांत' के आधार पर अंगेजों ने किस भारतीय साम्राज्य पर कब्ज़ा कर लिया था?
(1) हैदराबाद (2) अवध
(3) मैसूर (4) नागपुर

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 17 of 21

Q.72 European sailor Vosco-da-Gama who reached India in 1498, belonged to which country?
(1) France (2) England
(3) Portugal (4) Germany

प्र.72 1498 में भारत पहुँचने वाले यूरोपीय समुद्री यात्री वास्को-डे-गामा का संबंध किस देश से था?
(1) फ्रांस (2) इंग्लैंड
(3) पुर्तगाल (4) जर्मनी

Q.73 In 1817 on what subject did James Mill wrote his book?
(1) Indian Literature
(2) History of British India
(3) Economics
(4) Science & Technology

प्र.73 सन् 1817 में जेम्स मिल ने किस विषय पर अपनी किताब लिखी थी?
(1) भारतीय साहित्य
(2) ब्रिटिश इंडिया का इतिहास
(3) अर्थशास्त्र
(4) विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी

Q.74 "Human Trafficking, Forced Labour and Hiring of Children below 14 years of age is a crime." This is mentioned in which fundamental right of the Constitution of India?
(1) Right to Equality
(2) Right against Exploitation
(3) Right to Freedom
(4) Right to Constitutional Remedies

प्र.74 "मानव व्यापार, जबरिया श्रम और 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मजदूरी पर रखना अपराध है।" यह भारत के संविधान के किस मौलिक अधिकार में उल्लिखित है?
(1) समानता का अधिकार
(2) शोषण के विरूद्ध अधिकार
(3) स्वतंत्रता का अधिकार
(4) संवैधानिक उपचार का अधिकार

Q.75 Jute, which is known as "Golden Fiber" grows well in:
(1) Alluvial Soil (2) Black Soil
(3) Red Soil (4) Laterite Soil

प्र.75 पटसन (जूट) जिसे "सुनहरा रेशा" के रूप में जाना जाता है, किस प्रकार की मिट्टी में अच्छे ढंग से विकसित होता है?
(1) जलोढ़ मिट्टी (2) काली मिट्टी
(3) लाल मिट्टी (4) लेटराइट मिट्टी

Q.76 After which incident did Mahatma Gandhi withdraw the non-cooperation movement?
(1) Partition of Bengal
(2) Jallianwala Bagh Massacre
(3) Chauri Chaura
(4) None of the above

प्र.76 किस घटना के बाद महात्मा गाँधी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया?
(1) बंगाल विभाजन
(2) जलियांवाला बाग नरसंहार
(3) चौरी-चौरा
(4) इनमें से कोई नहीं

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 18 of 21

Q.77 Which of the following statements is not true about the compensation of 1857?

(1) The rule over India was transferred from the East India Company to the British Crown.

(2) Kingdoms of all the Indian Kings were returned to them.

(3) After the revolt, the British decided to respect the customary, religious & social practices of the people of India.

(4) It was decided by the government to recruit more soldiers from Awadh, Bihar & Central India.

प्र.77 1857 के मुआवज़े के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?

(1) भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश राज को हस्तांतरित कर दिया गया।

(2) सभी भारतीय राजाओं के राज्य उन्हें वापस कर दिए गये।

(3) विद्रोह के बाद अंग्रेज़ों ने भारत के लोगों की पारंपरिक, धार्मिक और सामाजिक प्रथाओं का सम्मान करने का निर्णय लिया।

(4) सरकार द्वारा अवध, बिहार और मध्य भारत से अधिक सैनिकों की भर्ती करने का निर्णय लिया गया।

Q.78 Every person has a fundamental right to be defended by a lawyer under which article ?

(1) Article 12 (2) Article 22

(3) Article 32 (4) Article 42

प्र.78 किस अनुच्छेद के तहत प्रत्येक व्यक्ति को एक वकील द्वारा अपना बचाव करने का मौलिक अधिकार है?

(1) अनुच्छेद 12 (2) अनुच्छेद 22

(3) अनुच्छेद 32 (4) अनुच्छेद 42

Q.79 Which two industries were crucial for the Industrial Revolution in the Modern World?

(1) Agriculture & Textiles Industries

(2) Textiles & Cottage Industries

(3) Mining & Hospitality

(4) Textiles & Iron and Steel Industry

प्र.79 आधुनिक विश्व में औद्योगिक क्रांति के लिए कौन से दो उद्योग महत्त्वपूर्ण थे?

(1) कृषि एवं कपड़ा उद्योग

(2) कपड़ा एवं कुटीर उद्योग

(3) खनन एवं आतिथ्य

(4) कपड़ा और लोहा एवं इस्पात उद्योग

Q.80 What is the breaking of rocks by temperature change, frost action, plants, animals & human activities called?

(1) Weathering

(2) Erosion

(3) Endogenous Force

(4) Exogenous Force

प्र.80 तापमान परिवर्तन, तुषार क्रिया, पौधों, जानवरों तथा मानवीय गतिविधियों द्वारा चट्टानों का टूटना क्या कहलाता है?

(1) अपक्षय

(2) अपरदन

(3) अंतर्जात बल

(4) बहिर्जात बल

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 19 of 21

Q.81 Which country out of the following has the highest percentage of forest area?
(1) United Kingdom
(2) United States of America
(3) Russia
(4) Japan

प्र.81 निम्नलिखित में से किस देश में वन क्षेत्र का प्रतिशत सर्वाधिक है?
(1) यूनाइटेड किंगडम
(2) संयुक्त राज्य अमेरिका
(3) रूस
(4) जापान

Q.82 Who was the first speaker of Lok Sabha?
(1) M.A. Ayyangar
(2) Neelam Sanjeeva Reddy
(3) Ganesh Vasudev Mavlankar
(4) Gurdial Singh Dhillon

प्र.82 लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
(1) एम. ए. अय्यंगार
(2) नीलम संजीव रेड्डी
(3) गणेश वासुदेव मावलंकर
(4) गुरदयाल सिंह ढिल्लों

Q.83 Bakhat Khan assumed the leadership of the revolt in which of the following place?
(1) Bihar (2) Bareilly
(3) Kanpur (4) Bilaspur

प्र.83 बख्त खान ने निम्नलिखित में से किस स्थान पर विद्रोह का नेतृत्व संभाला?
(1) बिहार (2) बरेली
(3) कानपुर (4) बिलासपुर

Q.84 Under which Act was the Supreme Court established in India in 1773?
(1) Regulating Act
(2) Pitts Act
(3) Rowlatt Act
(4) None of the above

प्र.84 1773 में भारत में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना किस अधिनियम के तहत की गई?
(1) रेगुलेटिंग एक्ट
(2) पिट्स एक्ट
(3) रॉलेट एक्ट
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q.85 Which of the following is a man-made resource?
(1) Wind (2) Coal
(3) Technology (4) Iron Ore

प्र.85 निम्नलिखित में से कौन सा एक मानव निर्मित संसाधन है?
(1) हवा (2) कोयला
(3) तकनीकी (4) लौह अयस्क

Q.86 The existence of more than one level of government in a country is known as _____?
(1) Unitary (2) Sovereign
(3) Democracy (4) Fedralism

प्र.86 देश में एक से अधिक स्तर की सरकार का होना क्या कहा जाता है?
(1) एकात्मक (2) संप्रभु
(3) लोकतंत्र (4) संघवाद

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 20 of 21

Q.87 The term 'Monsoon' refers to:
(1) Rainfall throughout the year
(2) Seasonal reversal of the wind direction during a year.
(3) Constant heavy rainfall
(4) Winds from the mountains

प्र.87 'मानसून' शब्द का तात्पर्य है?
(1) वर्ष भर वर्षा होती है।
(2) वर्ष के दौरान हवा की दिशा में मौसमी उलट फेर।
(3) लगातार भारी बारिश होना
(4) पहाड़ों से हवाओं का चलना

Q.88 What is the term length of the members of Rajya Sabha ?
(1) 4 years (2) 5 years
(3) 6 years (4) 7 years

प्र.88 राज्य सभा के सदस्यों का कार्यकाल कितना होता है?
(1) 4 वर्ष (2) 5 वर्ष
(3) 6 वर्ष (4) 7 वर्ष

Q.89 Which of the following rivers does not flow into the Arabian Sea?
(1) Mahanadi (2) Narmada
(3) Tapti (4) Sabarmati

प्र.89 निम्नलिखित में से कौन सी नदी अरब सागर में नहीं बहती है?
(1) महानदी (2) नर्मदा
(3) ताप्ती (4) साबरमती

Q.90 The famous book "Arthashastra" was written by :
(1) Kalidasa
(2) Kautilya
(3) Banabhatta
(4) Valmiki

प्र.90 प्रसिद्ध पुस्तक "अर्थशास्त्र" किसके द्वारा लिखी गई थी?
(1) कालीदास
(2) कौटिल्य
(3) बाणभट्ट
(4) वाल्मीकि

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 21 of 21